## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.07.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. देश में अपतटीय ऊर्जा अन्वेषण को नई गति देने के लिए समुद्र मंथन योजना शुरू होगी।
2. आयुष क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय और इंडिया एआई ने की साझेदारी।
3. नशा मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान में दक्षिण अंडमान के एक हजार से अधिक युवा शामिल होंगे।
4. पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी के संदेश के साथ रंगत में सत्ततरवें वन महोत्सव का समापन हुआ।

<><><><><><><>

मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना – समुद्र मंथन को मंजूरी दे दी है। इसके लिए वित्त वर्ष 2030–31 तक चौरासी हजार चौरासी करोड़ रुपये का स्वीकृत परिव्यय निर्धारित किया गया है। नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना अपतटीय अन्वेषण मूल्य श्रृंखला में हस्तक्षेपों का एक व्यापक समूह समाहित करती है।

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय और इंडिया एआई ने आयुष क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य नई तकनीकों के उपयोग से पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और नवाचार को मजबूत करना है। इस साझेदारी से आयुष अनुसंधान, औषधीय पौधों और दवाओं से जुड़े क्षेत्रों में एआई के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत आयुष मंत्रालय एआई कोश प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य अनुसंधान से जुड़ी उपयोगी सामग्री और तकनीकी संसाधन साझा करेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के साथ तैरती सौर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के विकास के लिए प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के लिए 5 हजार 70 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय को मंजूरी दी गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि इस योजना के लिए नई भूमि की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अंतर्गत मौजूदा जलाशयों, नहरों और औद्योगिक तालाबों का उपयोग किया जाएगा। योजना को पांच वर्ष की अवधि में लागू किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, यूनियन टेरीटेरीज़ हेल्थ मिशन तथा अंडमान निकोबार स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से द्वीपसमूह में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है 'जीवन की स्वस्थ शुरुआत के लिए स्तनपान से जुड़े प्रभावी उपायों को मजबूत बनाना।' इस दौरान स्तनपान के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। माताओं को सलाह दी जाएगी कि वे शिशु को जन्म के बाद छह महीने तक केवल स्तनपान कराएं और इसके बाद उपर्युक्त पूरक आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखें। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सत्र तथा सामुदायिक संपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अधीन अंडमान निकोबार प्रशासन दक्षिण अंडमान जिला श्री वियजपुरम स्थित माई भारत के सहयोग से दो अगस्त को सुबह दस बजे से डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में ''नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान'' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नशामुक्त भारत की दिशा में राष्ट्रीय आंदोलन को सुदृढ़ करना और युवाओं को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के युवाओं से वर्चुअल रूप से बात करेंगे। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में लगभग दस हजार स्थानों

को जोड़ा जाएगा और एक करोड़ से अधिक युवा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भाग लेंगे। दक्षिण अंडमान जिले में लगभग एक हजार माई भारत स्वयं सेवक और युवा इस राष्ट्रीय अभियान में भाग लेंगे। इस अभियान के अंतर्गत खेल, फिटनेस, ध्यान, सांस्कृतिक गतिविधियां, जागरूकता कार्यक्रम और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सौ सप्ताह का राष्ट्रव्यापी रविवार आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन के विरूद्ध जागरूक करने के लिए जिलास्तर पर जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक और जनसम्पर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने श्री विजयपुरम स्थित माई भारत, सभी शिक्षण संस्थानों, युवा संगठनों, अभिभावकों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

ब्लॉक परियोजना कार्यालय, लिटिल अंडमान द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान और मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र, श्री विजयपुरम और समाज कल्याण निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। चार अगस्त को पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर के पुर जबकि पांच अगस्त को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हटबे में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान की जाएगी और उन्हें निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही अभिभावकों को चिकित्सा सुविधाओं, सहायक उपकरणों, यू डी आई डी पंजीकरण और पुनर्वास सेवाओं की जानकरी भी दी जाएगी।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान वन प्रभाग, रंगत में आज सतहत्तरवें वन महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर एवं मध्य अंडमान के जिला उपायुक्त सुशांत पादा मुख्य अतिथि और पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण को सभी की साझा जिम्मेदारी बताते हुए वनों की रक्षा और पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक ने प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में सामुदायिक भागीदारी और युवाओं की भूमिका पर बल

दिया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नाटक प्रस्तुत किए। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

<><><><><><><>

आम जनता को सूचित किया जाता है कि सिप्पीघाट साइट कार्यालय में एच टी लाइन के रखरखाव कार्य होने के कारण कल सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक बिम्बलीटान, गुप्तापाड़ा, मंजरी और टेलराबाद में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

उधर, गाराचरामा सब स्टेशन में तैंतीस के वी स्विच यार्ड के रखरखाव कार्य होने के कारण कल सुबह छ से दस बजे तक गाराचरमा, चिड़ियाटापू और ब्रुक्शाबाद फीडरों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति इस दौरान प्रभावित रहेगी।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डिप्लोमा कार्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2026–27 की कक्षाएं 3 अगस्त से शुरू होंगी। सभी नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे सुबह साढ़े आठ बजे तक अपने–अपने विभागों में उपस्थित रहें।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि संकाय सदस्यों की अंतिम योग्यता सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है और कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित कर दी गई है।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज स्थित वन प्रशिक्षण संस्थान के चौवनवें बैंच के वन प्रशिक्षुओं का फायरिंग अभ्यास प्रातरापुर स्थित बर्ड लाइन पुलिस फायरिंग रेंज में कल सुबह छ से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस दौरान अपने मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखें।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग में वरिष्ठ नाविक–सह–रसोईयां, कारपेंटर, मशीनिस्ट और वेल्डर आदि के खाली पदों को भरने के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

<><><><><><><>